Department of Environmental Conservation

# तथ्य पत्र

**ब्राउनफिल्ड सफाई कार्यक्रम**

**Queensboro Toyota**

**62-10 Northern Boulevard**
**Woodside, NY 11377**

**साइट नं. C241187**

**अक्तूबर 2018**

**NYSDEC क्षेत्र 2**

## ब्राउनफिल्ड साइट के लिए प्रारूप जाँच कार्य योजना जनता की टिप्पणी के लिए उपलब्ध

जनता को 62-10 Northern Boulevard, Woodside, NY स्थित क्वीन्सबोरो टोयोटा साइट ("साइट") की जाँच करने के लिए बनाई गई एक प्रारूप कार्य योजना पर टिप्पणी करने के लिए आमंत्रित किया जाता है जिसकी समीक्षा न्यूयॉर्क राज्य के पर्यावरण संरक्षण विभाग (NYSDEC) द्वारा की जा रही है। साइट के स्थान के लिए कृपया नक्शा देखें। इस साइट की सफाई से संबंधित दस्तावेज़ बाईं तरफ "जानकारी कहां से प्राप्त करें" के नीचे बताए गए स्थान(नों) पर पाए जा सकते हैं।

**<u>प्रारूप जाँच कार्य योजना</u>:** न्यूयॉर्क के ब्राउनफिल्ड सफाई कार्यक्रम (BCP) के अंतर्गत NYSDEC को "सुधारात्मक जाँच कार्य योजना" नामक प्रारूप जाँच कार्य योजना प्रस्तुत की गई थी। यह जाँच 62-10 Northern Boulevard LLC ("आवेदक") द्वारा की जाएगी तथा NYSDEC और न्यूयॉर्क राज्य का स्वास्थ्य विभाग (NYSDOH) इसका निरीक्षण करेंगे।

**<u>टिप्पणी कैसे करें</u>:** NYSDEC **23 अक्तूबर** से **23 नवंबर, 2018** तक 30 दिनों के लिए प्रारूप जाँच कार्य योजना के बारे में लिखित टिप्पणियां स्वीकार कर रहा है। प्रस्तावित योजना बाईं तरफ "जानकारी कहां से प्राप्त करें" के नीचे बताए गए स्थान(नों) पर जनता की समीक्षा के लिए उपलब्ध है। कृपया बाईं तरफ के "किससे संपर्क करें" क्षेत्र में दिए गए प्रोजेक्ट-संबंधी प्रश्न के नीचे सूचीकृत NYSDEC के प्रोजेक्ट मैनेजर को टिप्पणियां भेजें।

**<u>प्रस्तावित साइट की जाँच की विशेषताएं</u>:** जाँच मिट्टी, सतही पानी, ज़मीनी पानी और पर्यावरण का कोई अन्य भाग जो प्रभावित हो सकता है उसमें संदूषण का प्रकार और मात्रा परिभाषित करेगी।

पिछली जाँचों में साइट की मिट्टी, मिट्टी वाष्प, और/या ज़मीनी पानी में वाष्पशील और अर्ध-वाष्पशील जैविक समास (VOCs और SVOCs) और धातुएं पाई गई हैं।

जाँच कार्य के महत्वपूर्ण घटकों में शामिल होंगे:

- संदूषण के संभावित ऑन-साइट स्रोतों की पहचान करने के लिए मिट्टी के वेधन स्थापित करना और नमूने लेना;
- मिट्टी वाष्प, उप-शिलापट्ट मिट्टी वाष्प और भीतरी वायु के नमूने एकत्र करना; तथा
- ऑन-साइट और ऑफ-साइट दोनों जगह चिंता वाले क्षेत्रों से असर पर निगरानी रखने के लिए ज़मीनी पानी के कुएं स्थापित करना और नमूने लेना।

**<u>अगले कदम</u>:** NYSDEC जनता की टिप्पणियों पर विचार करेगा, योजना को आवश्यकता अनुसार संशोधित करेगा, और कार्य योजना को अनुमोदित करेगा। NYSDOH को योजना से सहमत होना होगा। कार्य योजना अनुमोदित हो जाने के बाद, कार्य योजना में वर्णित कार्यकलापों को कार्यान्वित किया जाएगा।

**<u>जानकारी कहां से प्राप्त करें</u>:**

*जनता को सूचित रहने में सहायता करने के लिए प्रोजेक्ट के दस्तावेज़ इन स्थान(नों) पर उपलब्ध हैं।*

**Queens Public Library at Woodside**
52-22 Skillman Avenue
Woodside, NY 11377
(718) 429-4700

**Queens Community Board 2**
43-22 50th Street
Woodside, NY 11377
फोन: (718) 533-8773

**<u>किससे संपर्क करें</u>:**

*टिप्पणियों और प्रश्नों का हमेशा स्वागत है और इन्हें निम्नलिखित रूप से निर्देशित किया जाना चाहिए:*

**प्रोजेक्ट-संबंधी प्रश्न**

जावियर पेरेज़ माल्डोनाडो, प्रोजेक्ट मैनेजर
NYSDEC
625 Broadway, 12th Floor
Albany, NY 12233-7016
(518) 402-8172
javier.perez-maldonado@dec.ny.gov

**स्वास्थ्य-संबंधी प्रश्न**

एन्जेला मार्टिन
NYSDOH
Bureau of Environmental Exposure Investigation
Center for Environmental Health
Corning Tower, Rm 1787
Albany, NY 12237
(518) 402-7860
beei@health.ny.gov

**न्यूयॉर्क के ब्राउनफिल्ड सफाई कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी के लिए:**

www.dec.ny.gov/chemical/8450.html पर जाएं

# ब्राउनफिल्ड सफाई कार्यक्रम

जाँच पूरी हो जाने पर एक रिपोर्ट तैयार करके NYSDEC में जमा की जाएगी जो परिणामों को सार रूप में प्रस्तुत करेगी। NYSDEC और NYSDOH रिपोर्ट की समीक्षा करेंगे, उसमें ज़रूरी संशोधन करेंगे और, यदि उचित हो, तो रिपोर्ट को अनुमोदित करेंगे।

जाँच के बाद, "सुधारात्मक कार्य योजना" नामक एक सफाई योजना तैयार की जाएगी और एक निर्णय दस्तावेज़ पेश किया जाएगा। सफाई योजना प्रस्तावित साइट सुधार का मूल्यांकन शामिल करेगी, या कोई कार्रवाई नहीं करने या आगे कोई कार्रवाई नहीं करने का विकल्प सुझाएगी। सफाई योजना का लक्ष्य है सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा सुनिश्चित करना। NYSDEC 45 दिवसीय टिप्पणी अवधि के दौरान जनता के समक्ष उसकी समीक्षा और टिप्पणी के लिए प्रस्तावित सफाई योजना प्रस्तुत करेगा।

NYSDEC साइट की पूरी जाँच और सफाई के दौरान जनता को सूचित रखेगा।

**साइट का वर्णन:** साइट में टैक्स ब्लॉक 1185 में तीन टैक्स लॉट हैं जिसमें शामिल हैं: लॉट 1, मेन बिल्डिंग; लॉट 54 और लॉट 55, पार्किंग लॉट का क्षेत्र। साइट में एक दो-मंजिला कमर्शियल बिल्डिंग और डामर से आच्छादित एक पार्किंग लॉट है। साइट पर जंगला लगा हुआ है और दक्षिण में इसकी सरहद से लगी है 64 Street BCP साइट और भूतपूर्व एक्मे मेटल कैप कॉर्प. (वर्तमान विक्टर मशीनरी एक्सचेंज, इन्क.), उत्तर में इसकी सरहद से लगा है Northern Boulevard, पश्चिम में इसकी सरहद से लगी है 62nd Street और पूर्व में 64th Street। वर्तमान में साइट का प्रयोग ऑटोमोबाइल सेल्स के लिए किया जा रहा है। बिल्डिंग की दूसरी मंजिल के एक हिस्से में विकलांग बच्चों का स्कूल है। पहले, साइट का प्रयोग गैस स्टेशन, गुदड़ी बाज़ार, घड़ी के पट्टे के निर्माता, प्रकाशन कंपनी, लिमोज़ीन कंपनी और दो ऑटोमोबाइल डीलरशिप के रूप में किया गया था।

पर्यावरण और स्वास्थ्य मूल्यांकन सार सहित साइट का अतिरिक्त विवरण (साइट आईडी C241187 प्रविष्ट करके) NYSDEC के पर्यावरण साइट सुधार डेटाबेस:

http://www.dec.ny.gov/cfmx/extapps/derexternal/index.cfm?pageid=3 पर उपलब्ध है

**ब्राउनफिल्ड सफाई कार्यक्रम की झलक:** न्यूयॉर्क का ब्राउनफिल्ड सफाई कार्यक्रम (BCP) "ब्राउनफिल्ड्स" के रूप में जानी जाने वाली संदूषित संपत्तियों की स्वैच्छिक सफाई को प्रोत्साहित करता है ताकि उनका पुन: उपयोग और पुनर्विकास किया जा सके। इन उपयोगों में मनोरंजन, आवासन, व्यवसाय या अन्य उपयोग शामिल हो सकते हैं। ब्राउनफिल्ड साइट कोई ऐसी वास्तविक संपत्ति है जहाँ संदूषक मिट्टी की सफाई के उद्देश्यों या लागू विनियमों के अनुसार संपत्ति के यथोचित प्रत्याशित उपयोग के आधार पर लागू DEC द्वारा अपनाए गए अन्य स्वास्थ्य-आधारित या पर्यावरण मानकों, मानदंडों या मार्गदर्शन से अधिक स्तरों पर उपस्थित होते हैं।

BCP के बारे में अधिक जानकारी के लिए:

http://www.dec.ny.gov/chemical/8450.html पर जाएं

***हम आपको ये तथ्य पत्र पड़ोसियों और किरायेदारों के साथ साझा करने, और/या आपकी बिल्डिंग के प्रमुख क्षेत्र में इस तथ्य पत्र को पोस्ट करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं ताकि दूसरे लोग इसे देख सकें।***

**साइट के तथ्य पत्र ईमेल द्वारा प्राप्त करें**

इस तथ्य पत्र जैसी साइट की जानकारी आपके ईमेल इनबॉक्स में प्राप्त करें। NYSDEC आपको एक या अधिक संदूषित साइटों वाले काउंटी ईमेल लिस्टसर्व्स में साइन अप करने के लिए आमंत्रित करता है:

www.dec.ny.gov/chemical/61092.html

यह तेज़ है, यह निःशुल्क है, और यह आपको बेहतर तरीके से सूचित रखने में मदद करेगा। लिस्टसर्व के सदस्य के रूप में आप आपके द्वारा चुनी गई काउंटी(ज़) में सभी संदूषित साइटों के लिए समय-समय पर साइट-संबंधी जानकारी/घोषणाएं प्राप्त करेंगे।

नोट: अगर आपने पहले से ही साइन अप करके इस तथ्य पत्र को इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त कर लिया है तो कृपया ध्यान न दें।

# ब्राउनफिल्ड सफाई कार्यक्रम

साइट के स्थान का नक्शा

